# अधिकारियों के साथ आयुक्त पहुंचे नहर पानी का निरीक्षण करने

**भिलाईनगर।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी तांदुला जलाशय से नहर के लिए पानी छोड़ा गया है। जो बड़ी नहर से जुड़े हुए छोटे–छोटे नहर के माध्यम से निगम भिलाई क्षेत्र के छोटे बड़े लगभग 22 तालाब भरे जाते है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अन्य अधिकारियों के साथ नहर पानी एवं अन्य निर्माण कार्य का निरीक्षण करने गए। नहर पानी की निकासी कैसे हो रही है, तालाबों तक बराबर पानी पहुंच रहा है की नहीं, रास्ते में अगर कहीं पर लिकेज है, तो उसे भी दूर किया जा रहा है। तालाबों के भर जाने से उस क्षेत्र का जल स्तर बढ़ जाता है, बोर में पानी आ जाता है और निस्तारी के लिए सबको पानी मिलने लगता है। हुड़को क्षेत्र से आने वाले नहर पानी से जोन–01 नेहरू नगर क्षेत्र के तालाब भरना शुरू हो गए है, जिसमें प्रमुख रूप से हुड़को तालाब, भेलवा तालाब नेहरू नगर, स्मृति नगर चौंकी तालाब, जुनवानी तालाब, खम्हरिया तालाब, आमा तालाब, शीतला मंदिर तालाब आदि तालाबों तक पानी पहुंच गया है। नगर निगम भिलाई द्वारा पूर्व में ही नहर नाली का सफाई करवाया गया था। जिससे पानी समुचित रूप से पहुंच सके, धीरे–धीरे तालाब भरते जायेगें। खुर्सीपार क्षेत्र से बड़े नहर से पानी आना शुरू हो गया है, उधर के भी तालाब भरे जा रहे है। क्षेत्र के निवासियों से अपील है कि नहर में पानी अधिक प्रवाह से बह रहा है, कोई भी व्यक्ति नहर में नहाने मत जावे और अपने साथ–साथ बच्चों का भी ध्यान रखें। आज खुर्सीपार के बड़े नहर में 7 साल का बच्चा कागज का टूकड़ा फेकने के लिए नीचे जा रहा था। आयुक्त की नजर पड़ी उसे तुरन्त हटाया गया। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सभी को सचेत रहने की आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, उपअभियंता अर्पित बंजारे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

